भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 298

गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

रामेश्वरम का विकास

298. श्री के.आर.एन. राजेश कुमारः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार तमिलनाडु राज्य में स्थित रामेश्वरम के विकास के संबंध में विचार करेगी, चूंकि इसे 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक होने के कारण एक पवित्र और प्रसिद्ध तीर्थस्थल माना जाता है, जिसके लिए पर्यटन विभाग, तमिलनाडु की ओर से प्रस्ताव भेजा गया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की सम्भावना है;

(घ) रामेश्वरम के विकास के लिए किस तारीख तक निधि जारी किए जाने की सम्भावना है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): जी हाँ, महोदय। तमिलनाडु की राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध के अनुसार रामेश्वर स्थल को पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं में सम्मलित कर लिया गया है। स्वदेश दर्शन की तटवर्ती परिपथ थीम के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में 73.13 करोड़ रु. की लागत से एक परियोजना यथा (चेन्नई- ममल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपदु-कन्याकुमारी का विकास) को स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना के तहत रामेश्वरम के लिए 15.86 करोड़ रु. के कार्य अनुमोदित किए गए हैं। यह परियोजना पूरी हो गई है।

******